नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

Ref: 163/2020
Dt-30.12.2020

सचिव
ग्रामीण कार्य विभाग
बिहार, पटना

Diary 31/12/20

विषयः— मधुबनी जिलान्तर्गत मधेपुर प्रखंड स्थित प्रधानमंत्री सड़क से खोईर मदनपुर होते हुए दलदल ग्राम जानेवाली सड़क का जीर्णोद्धार एवं बहाव पर पुल निर्माण के संबंध में।

महाशय,

मेरे विधानसभा क्षेत्र झंझारपुर जिला मधुबनी के अन्तर्गत मधेपुर प्रखंड स्थित प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क से खोईर मदनपुर होते हुए दलदल ग्राम तक जानेवाली सड़क जीर्ण–शीर्ण अवस्था में है। सड़क की लम्बाई 3 कि॰मी॰ है जो दो पंचायतों भीठ भगवानपुर एवं परवलपुर के निवासियों के आवागमन का एकमात्र साधन है तथा जीवन रेखा का काम करती है।

इस सड़क से लगभग दस हजार की आबादी लाभान्वित होती है, जिसमें अधिकांशतः पिछड़ो, अति पिछड़ों एवं दलितों की संख्या है। इस सड़क में एक बहाव होने के कारण पुल बनाना भी आवश्यक है। बाढ़ के दिनों में स्थानीय लोगों को 20 कि॰मी॰ घुमकर प्रखंड एवं अनुमंडल मुख्यालय जाना पड़ता है। इस सड़क के निर्माण नहीं होने के कारण महिलाओं, बच्चों, खासकर बीमार लोगों को लाने एवं ले जाने में भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। कोशी एवं कमला के बीच स्थित यह सड़क का निर्माण एवं बहाव पर पुल का निर्माण होने से इनकी चिर–प्रतीक्षित माँग पूरी हो जाएगी।

अतएव अनुरोध है कि उक्त सड़क के जीर्णोद्धार एवं बहाव पर पुल के निर्माण हेतू तत्काल कार्रवाई करना चाहेंगे।

शुभकामनाओं के साथ!

भवदीय

Nitish Mishra
(नीतीश मिश्रा)

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitish www.jhanjharpur.co.in